संसद सदस्यों ने श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर क श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2018: पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लालकृष्ण आडवाणी, ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के सभापति, श्री पी. वेणुगोपाल, संसद सदस्यों तथा पूर्व संसद सदस्यों ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री एम. अनन्तशयनम आयंगर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और अन्य विशिष्टजनों ने भी श्री आयंगर को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री आयंगर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

श्री एम.ए. आयंगर एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात सांसद थे। वह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा, अंतरिम संसद और पहली से तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे।

1952 में पहली लोक सभा के गठन के समय श्री एम.ए. आयंगर सर्वसम्मति से लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए। इससे पहले वह संविधान सभा (विधायी) के उपाध्यक्ष और अंतरिम संसद के उपाध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे। श्री जी.वी. मावलंकर के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री आयंगर को 8 मार्च, 1956 को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। 1957 में दूसरी लोक सभा का गठन होने पर श्री आयंगर को पुनः सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। यद्यपि, वह तीसरी लोक सभा के लिए चुने गए थे, परन्तु बिहार के राज्यपाल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

श्री आयंगर का 19 मार्च, 1978 को निधन हो गया था।